न्यूज डायरी

जिलाधिकारी कार्यालय में प्रदर्शन करते विहिप कार्यकर्ता।

असम की हिंसा के विरुद्ध विहिप का प्रदर्शन

देहरादून। असम में हुई हिंसक झड़पे और उससे पूरे देश पर पड़े असर के विरोध में विश्व हिंदू परिषद ने प्रदर्शन किया। मंगलवार को घंटाघर से जिला मुख्यालय तक परिषद के लोगों ने वाहन जुलूस निकाला। इसके बाद कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर बंगलादेशी घुसपैठियों को देश से बाहर निकालने के लिए नारेबाजी की। इस मौके पर सभी ने एक जुट होकर एक ज्ञापन भी केंद्र सरकार को भेजा। जिसे अपर जिलाधिकारी प्रशासन अर्चना गहरवार ने लिया।

कोरोनेशन अस्पताल में पानी की दिक्कत

देहरादून। दो दिन से कोरोनेशन अस्पताल में पानी की दिक्कत बनी हुई है। मोटर जलने के कारण पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. आरएस असवाल का कहना है कि दिन भर में पांच से छह टैंकर मंगाकर पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। दो टैंकर तो पूरे दिन अस्पताल में रहते हैं। उन्होंने बताया कि रात तक नई मोटर लगा ली जाएगी।

कोरोनेशन में फिर शुरू हुआ अल्ट्रासाउंड

देहरादून। दो सप्ताह बाद मंगलवार से कोरोनेशन अस्पताल में अल्ट्रासाउंड फिर शुरू हो गया। रेडियोलाजिस्ट डा. सौरभ जैन ने मंगलवार को अस्पताल में ज्वाइन कर लिया। बता दें कि सात अगस्त को रेडियोलाजिस्ट के स्थानांतरण के बाद से मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। सीएमएस डा.आरएस असवाल ने बताया कि रेडियोलाजिस्ट, सर्जन और फिजिशियन ने भी मंगलवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया।

पेंट के डिब्बों से भरा ट्रक पलटा

देहरादून। रिस्पना से आईएसबीटी की ओर जा रहा पेंट के डिब्बों से भरा एक ट्रक आईएसबीटी से कुछ पहले बने पुल के पास पलट गया। सोमवार देर रात पलटे इस ट्रक को अनलोड करवाने के बाद उठाने के लिए क्रे न बुलाई गई। लेकिन उसे निकालने के बजाए क्रेन भी फंस गई। 36 घंटे बाद भी ट्रक और क्रेन को निकाला नहीं जा सका। अब बुधवार को दोनों को निकालने का प्रयास किया जाएगा।

संविदा प्रवक्ताओं को राहत की उम्मीद

देहरादून। राजकीय पालीटेक्निक में संविदा पर तैनात प्रवक्ताओं को शिक्षा मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी ने राहत की उम्मीद जगाई है। संविदा प्रवक्ता अध्यक्ष पंकज सैलानी ने बताया कि शिक्षा मंत्री ने उन्हें फोन पर संविदा प्रवक्ताओं से बचे पदों पर ही नियुक्ति का भरोसा दिलाया है। मंत्री के अनुसार उन्होंने इस मसले पर सीएम से भी बात की है। संविदा प्रवक्ता सोमनाथ टोडरिया, ललित कुमार, विपिन पाल सिंह, विक्रम सिंह, ऋषिभूषण आदि ने इस पर खुशी जताई है।

काले शीशे वालों से वसूला जुर्माना

देहरादून। अधिकारियों की सख्ती के बाद पुलिस ने राजधानी की सड़कों पर दौड़ने वाले वाहनों की काले शीशे के वाहनों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। लगातार चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को 229 वाहनों के चालन काटे गए। उनके शीशों पर लगी काली फिल्म भी उतारी गई। साथ ही इन वाहनों से 48250 रुपये का शुल्क भी वसूला गया। सोमवार को डीआईजी संजय गुंज्याल के निर्देश के बाद पुलिस ने काले शीशे लगे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई तेज की गई है।

बसें नई, लेकिन जैक और स्टेपनी नहीं

टायर पंचर होने की स्थिति में यात्रियों को उठानी पड़ेगी परेशानी

अमर उजाला ब्यूरो

देहरादून। उत्तराखंड परिवहन निगम (रोडवेज) में कब और कौन सा खेल हो जाए, इसका अंदाजा शायद ही किसी को हो। पिछले डेढ़ माह के भीतर रोडवेज के बेड़े में 40 हाई-टेक बसें जुड़ चुकी हैं, लेकिन इनमें से किसी भी बस में जैक, स्टेपनी सहित अन्य उपकरण नहीं हैं। इसको लेकर रोडवेज प्रबंधन पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है। इन बसों के टायर पंचर होने की स्थिति में यात्रियों को परेशानी उठाने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं होगा।

सामान्य तौर पर नई बसों के साथ कंपनी की ओर से ही एक जैक, एक स्टेपनी और अन्य टूल्स मुहैया कराए जाते हैं। ताकि आपात स्थिति में इसका उपयोग किया जा सके। टायर पंचर या फटने की स्थिति में स्टेपनी का इस्तेमाल किया जा सके, लेकिन किसी भी नई बस में ये सभी जरूरी उपकरण उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में सवाल यह है कि ये उपकरण कहां गए। अभी तक नई बसों में ये उपकरण क्यों नहीं रखे गए। अंदरखाने रोडवेज कर्मी अपने अधिकारियों को ही कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। मंडलीय प्रबंधक तकनीकी अनूप रावत का कहना है कि उक्त तथ्य के बारे में जानकारी है। इस मामले को उच्च अधिकारियों के संज्ञान में डाल दिया गया है। जल्द ही नई बसों में जैक, स्टेपनी और अन्य टूल्स मुहैया करा दिए जाएंगे।

उत्तराखंड परिवहन की नई बसों में से गायब टूल बॉक्स।

जब भी नई बसें आती हैं, उनमें से जैक, स्टेपनी गायब हो जाती है। अधिकारियों से इसको लेकर कोई सवाल नहीं करता। - **हरेंद्र कुमार**, परिचालक

रोडवेज में लूट मची है। इसी का नतीजा है कि नई बसों से जैक, स्टेपनी और अन्य उपकरण गायब है।

- **रणजीत सिंह**, चालक

अंधेर: पद एक वेतनमान दो

वन विभाग के अधिकारियों का कारनामा

अमर उजाला ब्यूरो

बीस वर्ष सेवा वाले पर 14 वर्ष वाला भारी

देहरादून। सरकारी विभागों में आम जनता के प्रति लापरवाही के मामले तो सामने आते ही रहते हैं। लेकिन वन विभाग में तो विभागीय कर्मचारियों को ही अधिकारियों की मनमानी से जूझना पड़ रहा है। ताजा मामला विभाग में सांख्यिकी अधिकारी के पद से जुड़ा है। इस पद पर तैनात दो अधिकारियों के ग्रेड वेतन में पूरे 1200 रुपये का अंतर है। हैरत की बात यह है कि बीस वर्ष सेवा पूर्ण कर चुके अधिकारी पर 14 वर्ष सेवा वाला अधिकारी 'भारी' पड़ गया। मामले में विभाग ने जांच शुरू कर दी है।

विभाग के अपर सांख्यिकी अधिकारी गोरखनाथ की सेवा को 2010 में बीस वर्ष पूर्ण हो गए थे। प्रमुख वन संरक्षक ने उन्हें ग्रेड वेतन 4200 रुपये तय किया। इस आदेश की प्रति अगस्त 2010 में जारी की गई। लेकिन, इसी पद पर 14 वर्ष सेवा करने वाले ओम कैलाश त्यागी का ग्रेड वेतन जुलाई 2010 में ही 5400 कर दिया गया। सूचना का अधिकार के तहत मामले का खुलासा होने के बाद विभाग ने जांच शुरू कर दी गई है। इसकी शिकायत प्रमुख वन संरक्षक से भी की गई है।

मामले में प्रमुख वन संरक्षक कार्यालय के मुख्य वन संरक्षक प्रशासन एमएम मलिक ने भी माना कि प्रथमदृष्ट्या गलत आदेश करने की बात सामने आ रही है। उन्होंने बताया कि जांच के बाद इसे ठीक किया जाएगा।

सालावाला अपार्टमेंट मामले में नपेंगे कई

अमर उजाला ब्यूरो

एमएनए ने निगम की तरफ से एनओसी की जांच के आदेश दिए

देहरादून। सालावाला में अपार्टमेंट निर्माण के लिए नगर निगम की तरफ से दी गई एनओसी के मामले की जांच होगी। इसमें निगम के कई कर्मचारियों की गर्दन नप सकती है। खास बात यह है कि मंगलवार की सुबह निगम में इससे संबंधित फाइल ही नहीं मिल पा रही थी।

सालावाला नाले से लगी जमीन पर एक बिल्डर की तरफ से अपार्टमेंट बनाने की तैयारी है। इसके लिए नगर निगम का नाला आड़े आ रहा था। इस पर खेल हुआ और नगर निगम की तरफ से अपार्टमेंट के लिए एनओसी जारी हो गई। हैरानी की बात यह है कि एनओसी भूमि अनुभाग की तरफ से नहीं दी गई, बल्कि निर्माण अनुभाग ने जारी की। इस बीच बिल्डर की तरफ से नाले की दिशा बदल दी गई। इससे पिछले दिनों हुई भारी बारिश के कारण सालावाला की पुलिया को खतरा पैदा हो गया। जब एमएनए अशोक कुमार के संज्ञान में यह मामला आया तो परतें खुलतीं गईं। पता चला कि निगम की तरफ से एनओसी दी गई। पहले प्राथमिकता के आधार पर पुलिया को मजबूती प्रदान करने के लिए नाले पर किए अतिक्रमण को ढहाकर उसको पुरानी दिशा में मोड़ दिया गया।

अब एनओसी जारी करने की जांच शुरू की जाएगी। खास बात यह है कि मंगलवार को जब एमएनए की तरफ से एनओसी की फाइल मांगी गई तो वह निगम में नहीं मिली। लेकिन शाम को फाइल मिल गई।

दून में बिखरेगा फैशन का जलवा

देहरादून। देश को कई नामी माडल, अभिनेता, अभिनेत्रियां देने वाला दून अब फैशन का जलवा बिखेरने को तैयार है। राजधानी में 24 से 26 अगस्त तक सिन्मिट कम्युनिकेशन की ओर से 'ब्लेंडर्स प्राइड दून फैशन वीक एंड लाइफ स्टाइल शो' आयोजित किया जा रहा है। खास बात यह है कि शो में दून समेत दिल्ली और मुंबई के कई नामी माडल रैंप पर नजर आएंगे।

सिन्मिट कम्युनिकेशन के दिलीप सिंधी और राजीव मित्तल ने बताया कि डिजाइन काउंसिल आफ उत्तराखंड के तत्वावधान में आयोजित यह शो हरिद्वार बाईपास रोड स्थित होटल सॉलिटेयर में होगा। रवीना टंडन और अनिल कपूर की ड्रेस डिजाइन करने वाले कंवलजीत सिंह शो की ओपनिंग अपने लेटेस्ट डिजाइन से करेंगे। *(ब्यूरो)*

जादुई सिक्का बेचने वाले नौ आरोपी पहुंचे जेल

अमर उजाला ब्यूरो

ड्राइवर को पुलिस ने बनाया सरकारी गवाह

देहरादून। जादुई सिक्के के नाम पर दो व्यापारियों से लाखों की ठगी करने की कोशिश करने वाले नौ आरोपियों को मंगलवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम ज्योति बाला की कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने सभी को चौदह दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। रविवार को दो एंटीक व्यापारी राजपुर रोड पर स्थित एक होटल में ब्रिटिश कालीन तांबे का सिक्का खरीदे के लिए पहुंचे थे। आरोप है कि नौ लोगों ने एक सोची समझी साजिश के तहत दोनों व्यापारियों को झांसे में लिया और 80 लाख रुपये में सौदा तय किया। इससे पहले की यह लोग व्यापारियों को चूना लगाते पुलिस ने दबोच लिया।

कांवली रोड निवासी दिनेश कुमार, बाईपास निवासी जय प्रकाश, जनता रोड सहारनपुर निवासी वैभव पुंडीर, विजय लक्ष्मी मथुरा निवासी विवेक शर्मा, सिविल लाइन हरिद्वार निवासी आलोक सैनी, रुड़की निवासी मनीष कुमार, रामपुर बिजनौर निवासी नवीन, पारसिढ़ा महाराष्ट्र निवासी दलील क्षीर सागर और थाने मुंबई निवासी मणि राजन को कोर्ट में पेश किया गया।

पुलिस ने इस मामले में दस लोगों को हिरासत में लिया था। जबकि कोर्ट में सिर्फ नौ लोगों को पेश किया गया। पुलिस के अनुसार दसवां आरोपी रमेश सिंह ड्राइवर है। जिसका इस मामले से कुछ लेना-देना नहीं है। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर रमेश सिंह को सरकारी गवाह बना लिया है।

घरों में घुसा पानी खेतों में मलबा

देहरादून। ऊपरी क्षेत्र में हो रहे निर्माण के कारण मलबा और पानी मसंदावाला गांव के खेतों और घरों में घुस गया। इससे खेती के साथ घरेलू सामान को भी नुकसान पहुंचा।

मंगलवार को सुबह अचानक ही मसंदावाला के कई लोगों के घरों और खेतों में पानी और मलबा आ गया। अचानक आए मलबे और पानी के कारण लोग घरों से बाहर निकल गए। बिना बारिश के ही पानी आ जाने के कारण लोग हैरान हो गए थे। मलबे के खेतों में भर जाने के कारण लोगों की खेती को नुकसान पहुंचा। जबकि क्षेत्रवासी कैलाश रतूड़ी, सत्यप्रकाश भट्ट, जीत राम भट्ट, काशीराम आदि के मकानों में पानी भर गया। कांग्रेस नेता उपेंद्र थापली ने बताया कि गांव के ऊपरी क्षेत्र में किसी की तरफ से निर्माण कराया जा रहा है। वहां पर इन दिनों समतलीकरण का काम चल रहा है, जिससे कि मलबा पहाड़ी के नीचे की तरफ आ गया। *(ब्यूरो)*

स्कूलों में टपकने लगी छतें

मसूरी। नगर के कई प्राथमिक और उच्च प्राथमिक, जूनियर हाईस्कूलों के भवन जर्जर हालत में हैं। सर्वाधिक जीर्णशीर्ण हाल लंढ़ौर आर्य समाज मंदिर स्थित प्राथमिक विद्यालय का है। प्राथमिक विद्यालय मंलिगार, कैमल्स बैक रोड कन्या जूनियर में भी कक्षाओं में लगातार पानी टपक रहा है। कमोवेश नगर के सरकारी स्कूलों की हालत बेहद चिंताजनक हैं। ऐसे में स्कूलों में पठन पाठन कराना भी जोखिम भरा है। लगातार हो रही बारिश के चलते कई अभिभावकों ने स्कूलों में अवकाश करने की मांग की है। उनका कहना था कि ऐसे मौसम में बच्चों को स्कूल भेजना खतरे से खाली नहीं है। *(ब्यूरो)*

बारिश से मार्ग बाधित

मसूरी। नगर में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से पर्यटन नगरी मसूरी में जनजीवन ठहर गया है। बारिश के चलते कई संपर्क मार्ग बदहाल हैं। सुवाखोली-नगुण, मसूरी-चंबा और यमुनोत्री मोटर मार्ग पर कई स्थानों पर मलबा आने से यातायात बाधित हो गया है। पर्यटकों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। नौनिहालों को स्कूल जाने में खासी परेशानी झेलनी पड़ी। जब बारिश नहीं रुकी तो मालरोड पर पर्यटक भीगते हुए ही चहलकदमी करते दिखाई दिए। बारिश से होटलों से सैलानियों ने चेक आउट लेने में भलाई समझी। *(ब्यूरो)*

खांड गांव की रजिस्ट्री में नया पेंच फंसा

अमर उजाला ब्यूरो

सब-रजिस्ट्रार ऋषिकेश ने मांगा पार्क प्रशासन से एमओयू

देहरादून। खांड गांव की रजिस्ट्री को लेकर नया पेंच फंस गया है। सब-रजिस्ट्रार ऋषिकेश ने राजाजी पार्क प्रशासन और ग्रामीणों से एमओयू की प्रति उपलब्ध कराने के लिए कहा हैं। जबकि, अभी तक एमओयू पर पार्क प्रशासन के किसी भी अधिकारी के हस्ताक्षर ही नहीं हुए हैं। इससे पार्क प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

पिछले साल पार्क प्रशासन की ओर से ग्रामीणों के साथ एक एमओयू किया गया था, जिस पर अभी तक पार्क के उच्च अधिकारियों के हस्ताक्षर नहीं हुए हैं। ऐसे में इस एमओयू का कोई खास अर्थ नहीं रह जाता। इसी बीच शासन के निर्देश पर पूरे प्रकरण की जांच कराई गई, जिसमें पार्क प्रशासन की ओर से की गई अनियमितताएं सामने आईं। डीएम दून के निर्देश पर एसडीएम ऋषिकेश की ओर से की गई जांच में खांड गांव विस्थापन में नया खेल सामने आया। इसी बीच पार्क प्रशासन की ओर से ग्रामीणों की जमीन की रजिस्ट्री कराई जा रही है। काफी लोगों ने रजिस्ट्री कर भी दी है, लेकिन अब सब-रजिस्ट्रार की ओर से एमओयू की मांग की जा रही है। पार्क के अधिकारियों का कहना है कि सब-रजिस्ट्रार को एमओयू मुहैया करा दिया जाएगा। क्योंकि, तत्कालीन निदेशक एसएस रसाइली के कार्यकाल में एमओयू हुआ था। उनका तबादला हो चुका है। मौजूदा निदेशक ने पहले ही हस्ताक्षर करने से मना कर दिया था।

पुलिस ने दबोचे दो शातिर चोर

देहरादून। करीब तीन माह पूर्व कांवली रोड स्थित एक सेनेटरी शॉप में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। चोरों के कब्जे से दुकान से चुराया गया हजारों का सेनेटरी का सामान बरामद किया गया है। पकड़े गए दोनों आरोपी चोरी के मामले में पहले भी तीन-तीन बार जेल जा चुके हैं।

इंदिरानगर चौकी इंचार्ज संजीव थपलियाल के अनुसार दोनों को जीएमएस रोड पर पकड़ा गया। वे करीब तीन माह पूर्व कांवली रोड स्थित एक सेनेटरी शॉप से चोरी किया गया माल बेचने जा रहे थे। उनके कब्जे से हजारों रुपये मूल्य का सामान बरामद किया गया। जबकि कुछ सामान वह बेच चुके थे। आरोपियों की पहचान कांवली रोड निवासी राहुल और खुड़बुड़ा निवासी बिरजू के रूप में हुई। *(ब्यूरो)*

शोक समाचार

शोक समाचार

बड़े दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्यनीय **श्री वेद प्रकाश सेठी पुत्र श्री राम लुभाया सेठी** पूर्व आढ़ती सब्जी मन्डी देहरादून का स्वर्गवास **दिनांक 20.08.2012 को गली नं. 1 मकान नं. 164 राजेन्द्र नगर** देहरादून में हो गया हैं। रस्म चौथा। उठाला **दिनांक 23.08.2012** को आत्माराम धर्मशाला किशन नगर चौक देहरादून पर सांयः 3 बजे 4 बजे के बीच होगी।

शोकाकुल

श्रीमति श्यामा रानी सेठी (पत्नी)
सविता सेठी एडवोकेट (पुत्री) | रजनी सेठी (पुत्री)
प्रेम सेठी (पुत्री) | नीनू सेठी (पुत्री)
नीलम सेठी (पुत्री) | राजेन्द्र सिंह बाजवा एडवोकेट (दामाद)

शोक संदेश

मान्यवर बड़े दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी **पूज्यनीय माता जी श्रीमती सरला देवी जी गुप्ता** का आकस्मिक निधन दिनांक 11.8.2012 को हो गया है। ईश्वर की ऐसी ही इच्छा थी।

ब्रह्मभोज, बुधवार दिनांक 22.8.2012 दोपहर 12.00 से 2.00 बजे एवं रस्म पगड़ी सायं 3.00 से 4.00 तक, वैदिक साधन तपोवन आश्रम नालापानी, देहरादून पर होगी।

शोकाकुल परिवार

निवास-नालापानी
निकट- तपोवन आश्रम, देहरादून
मो.9410390795, 0135-2789695

योगेश गुप्ता (पुत्र)
राहुल कुमार गुप्ता (पौत्र)
कुनाल कुमार गुप्ता (पौत्र)
एवं समस्त गुप्ता परिवार

दारोगा पिस्टल लूट प्रकरण

त्यागी के खिलाफ तय नहीं हो पाए आरोप

अमर उजाला ब्यूरो

देहरादून। बहुचर्चित रणवीर एनकाउंटर से जुड़े मामले दारोगा पिस्टल लूट प्रकरण में सोमवार को सीबीआई कोर्ट में अभियुक्त शेखर त्यागी के खिलाफ आरोप तय किए जाने थे। लेकिन ईद के चलते कोर्ट की छुट्टी हो गई। मंगलवार को भी वकीलों की हड़ताल के चलते आरोप तय नहीं किए जा सके।

इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ आरोप तय हो चुके हैं। केवल शेखर त्यागी के खिलाफ आरोप तय होना शेष है। बचाव पक्ष के वकील पराग कुमार ने बताया कि आगामी सुनवाई पांच सितंबर को होगी। बता दें कि बीती तारीखों पर राम कुमार के खिलाफ आपराधिक षड्यंत्र, लूट और सरकारी कर्मचारी को गंभीर चोटें पहुंचाने और सरकारी कार्य में बाधे डालने, अमित भटनागर के खिलाफ आपराधिक षड्यंत्र और लूट तथा अशोक कुमार के खिलाफ आपराधिक षड्यंत्र, लूट और चोरी का माल बरामद होने की धाराओं में आरोप तय किए गए थे।

पेट रोगों से मुक्ति

श्री राजीव अग्रवाल, आगरा के अनुसार:-मैं लगभग 10-12 वर्षों से पेट के रोगों से परेशान था। मैंनें कोई भी इलाज नही छोड़ा परन्तु लाभ नही हो रहा था मेरे एक डाक्टर मित्र ने मुझे डी० पी० ड्रग्स मेरठ का उदरकल्प पाउडर खाने की सलाह दी पहले तो मुझे विश्वास ही नही हुआ की केवल एक औषधि से मैं कैसे ठीक हो जाऊंगा। मुझे अत्याधिक तेजाब (एसीडिटी) बनता था, गैस तथा थोड़ी थोड़ी आँव भी जाती थी, कुछ खाते ही बार-बार शौच जाना पड़ता था दिन प्रतिदिन कमजोरी आती जा रही थी पेट में दर्द रहता था डाक्टर कहते थे कि आतों में सुजन (कोलाइटिस) है। मैं आप को विश्वास दिलाता हूँ अब पूर्णत: स्वस्थ हूँ भूख भी लगने लगी है, आँव भी बननी बन्द हो गयी है। पेट का भारीपन भी समाप्त हो गया है।

पित्त की थैली (गॉल ब्लैडर) की पथरी में भी आश्चर्यजनक प्रणिाम सामने आए है
एसीडिटी, वायु (गैस), कब्ज, जलन, उल्टी, भोजन का न पचना, आतों की सूजन, कोलाइटिस, आंव, जिगर की बीमारी और बढ़े हुए पेट को कम करने की उत्तम औषधि

डी. पी. ड्रग्स उदरकल्प पाउडर
D.P Drugs पूर्णत: सुरक्षित आयुर्वेदिक औषधि
Opp. Gymkhana Ground, Meerut. M. 9837149202
प्रमुख औषधि विक्रेताओं पर उपलब्ध सम्पर्क : 08979505151, 08979508181

देहरादून-सी.एंड.एफ. -0135-2654802, 09897238733, हरिद्वार- 9897286922, ऋषिकेश - 2430275, रुड़की - 9634517125, पिथौरागढ़ - 9897578733, रामनगर कुमाऊ मंडल- 09837804396, काशीपुर-9837453935, रुद्रपुर - 9012780040, हल्द्वानी-9837078496, जसपुर - 9837038292, गदरपुर-9837055007, बाजपुर-9837323456, किच्छा-9927100461

केवल पुरुषों के लिये

चूर्ण अफ़गानी नुस्खा

कम तनाव शीघ्रपतन धातु रोग स्वप्नदोष

No 1

लाखों लोगों ने चुना हमें प्रॉडक्ट ऑफ दि ईयर

कोर्स- नियमित 2 माह खुराक 1 चम्मच रात को सोने से पहले पानी के साथ

बड़ा पैक-360/- छोटा पैक-195/-

100% AYURVEDIC ONLY FOR MEN NO SIDE EFFECT

सभी मेडिकल एवं आयुर्वेदिक स्टोर्स पर उपलब्ध

For R.M. Practioners only, Result may varies.

facebook/afganinushkha
E-mail : afganinushkha@gmail.com

देहरादून : 9358107663 हरिद्वार : 9897020085 हल्दवानी : 8923806111, 9837078496 खटीमा : 9412017866 राम नगर : 9837919164 रुद्रपुर : 9897602804 सुपर स्टॉकिस्ट : विष्ट मेडिकोज, हल्द्वानी - 9758959687

गर्मी में भी सेवन कर सकते हैं

Help Line: 09532604760, 09005826949

उत्तर भारत का बवासीर, भगन्दर, फीशर का अत्याधुनिक मशीनों से सुसज्जित विश्वसनीय हॉस्पिटल

बवासीर भगन्दर फीशर

Piles, Fissure, Fistulae, Sinus - नासूर

डा.त्रिवेन्द्र कुमार वर्मा
एम.एस.सर्जन-गुदा रोग विशेषज्ञ
(Proctologist)

लेडी डा. मीना वर्मा
BAMS, M.D. (u)

बवासीर भगन्दर फीशर का बगैर ऑपरेशन व बगैर दवाईयों के अत्याधुनिक मशीनों एवं अत्याधुनिक तकनीकों द्वारा तुरन्त सफल इलाज

इस विज्ञापन की कटिंग लाईये, इलाज में रु. 500/- की विशेष छूट पाईये

तरुण नर्सिंग होम

कोताना रोड, कस्बा बड़ौत, जिला-बागपत (उ.प्र.) भारत

फोन-01234-252288, हेल्पलाईन-मो.-09837609176

website : www.pile.ind.in, Email : drtrivendrakumarverma@yahoo.in

नोट-असुविधा से बचने के लिए आने से पहले फोन पर समय लें।